# बिहार सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग
## आदेश

**संःसंः–10 / नःप्रःनिः(नःप्रः)–09 / 2024** 427 **न0वि0 एवं आ0वि0, पटना दिनांक–**05/02/26

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद् आई०ए०एस० भवन पटना के विज्ञापन संख्या– UD&H/CTM-2020/01 एवं UD&H/CTM-2020/02 द्वारा तत्समय संविदा के आधार पर 163, नगर प्रबंधकों के पद हेतु आवेदन स्वीकार किया गया। तदोपरांत बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद् आई०ए०एस० भवन पटना के पत्रांक– 1599 / 2024, दिनांक– 08.10.2024 द्वारा 160 अभ्यार्थियों के अनुशंसा विभाग को उपलब्ध करायी गई। तदोपरांत विभागीय पत्रांक– 1738, दिनांक– 09.10.2024, पत्रांक– 85, दिनांक– 10.01.2025 एवं पत्रांक– 983, दिनांक– 09.04.2025 द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं प्रमाण पत्रों के सत्यापन की सूचना दैनिक सामाचार पत्रों में प्रकाशित की गई।

2. उक्त के आलोक में कुल 89 नगर प्रबंधकों द्वारा शैक्षणिक एवं प्रमाण पत्रों के सत्यापन में भाग लिया गया, जिसमें से 77 नगर प्रबंधकों को विभिन्न नगर निकायों में नगर प्रबंधक (संविदा) के पद पर नियोजित किया गया है।

3. अतः एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के उपरांत सम्यक विचारोपरांत शेष सभी नगर प्रबंधक जो कतिपय कारणों से विभाग में किसी प्रकार से सूचना उपलब्ध नहीं कराये है, अथवा उपस्थित नहीं हुए है, जिनका कुल योग 82 है, उनकी अनुशंसा रद्द की जाती है। भविष्य में इनका किसी प्रकार कोई दावा मान्य नहीं होगा। एक अभ्यर्थी यथा– सुश्री कुमारी अनिषा अनुक्रमांक– 2020003617 के क्रम में मामला विभाग में विचाराधीन है।

4. उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० / –

**(राजेश्वर राज)**

सरकार के अवर सचिव।

**ज्ञापांक**–10/न0प्र0नि0 (न0प्र0)–09 / 2024 427 / न0वि0एवंआ0वि0 पटना, दिनांक– 05/02/26

**प्रतिलिपिः–** माननीय मंत्री के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद् आई०ए०एस० भवन पटना को सूचनार्थ एवं आवाश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** श्री पंकज कुमार, आई०टी० प्रबंधक, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

Raj 5.2.2026

सरकार के अवर सचिव।

D:\Section-10 (2026)\Shivam ASO 2026\Office Order.docx